**भारत सरकार**
**संचार मंत्रालय**
**दूरसंचार विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1511**
**उत्तर देने की तारीख 31 जुलाई, 2024**

**एमटीएनएल और बीएसएनएल की अल्प वृद्धि**

**1511. श्री सेल्वाराज वी.:**
**श्री सुब्बारायण के.:**

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या विगत एक दशक में व्यापक दूरसंचार उद्योग द्वारा भारी वृद्धि के बावजूद, एमटीएनएल और बीएसएनएल इस बढ़त से लाभ नहीं उठा पाए हैं और इसके बजाय उन्होंने बाजार हिस्सेदारी और व्यवसाय पर अपनी पकड़ खो दी है;

(ख) यदि हां, तो वर्ष 2014 की तुलना में चालू वर्ष के दौरान ब्रॉडबैंड और मोबाइल व्यवसाय सहित वायरलाइन की हिस्सेदारी में आई गिरावट का ब्यौरा क्या है;

(ग) वर्ष 2014 से एमटीएनएल और बीएसएनएल का वार्षिक वित्तीय निष्पादन कितना है; और

(घ) एमटीएनएल और बीएसएनएल के पुनरूद्धार के लिए सरकार की योजना का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)**

**(क) से (घ)** बीएसएनएल और एमटीएनएल की बाजार हिस्सेदारी में प्रतिस्पर्धा और प्रौद्योगिकीय परिवर्तन जैसे अनेक कारकों के कारण गिरावट आई है।

ट्राई द्वारा समय-समय पर एकत्र और प्रकाशित दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के उपभोक्ता आधार का ब्यौरा ट्राई की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

वर्ष 2014 से बीएसएनएल और एमटीएनएल के वित्तीय निष्पादन का ब्यौरा नीचे दिया गया है:

(करोड़ रुपए में)

| वित्त वर्ष | निवल लाभ/(हानि) | |
|---|---|---|
| | बीएसएनएल | एमटीएनएल |
| 2014-15 | (8,234) | (2,893.39) |
| 2023-24 | (5,371) | (3,317.42) |

सरकार ने बीएसएनएल/एमटीएनएल के पुनरुद्धार के लिए विभिन्न कदम उठाए हैं। इनमें वर्ष 2019 में लगभग 69 हजार करोड़ रुपए का पुनरुद्धार पैकेज भी शामिल है। इससे बीएसएनएल और एमटीएनएल की प्रचालन लागत में कमी आई है। वर्ष 2022 का लगभग 1.64 लाख करोड़ रुपए का पुनरुद्धार पैकेज नई पूंजी डालने, ऋण का पुनर्गठन करने और व्यवहार्यता अंतर को पूरा करने जैसे उपायों के लिए दिया गया था। इसके अलावा, सरकार ने वर्ष 2023 में बीएसएनएल को इक्विटी निवेश के माध्यम से लगभग 89 हजार करोड़ रुपए के कुल परिव्यय के साथ 4जी/5जी स्पेक्ट्रम के आवंटन को अनुमोदित किया था।

*****